BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 30 मार्च, 2024 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना गुलावठी**

लूट की घटना में वांछित अपराधी मुठभेड़ के दौरान घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस, मोटर साईकिल, मोबाईल फोन बरामद।

जनपद मे तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 30.03.2024 थाना गुलावठी टीम एक अभिसूचना पर धौलाना अड्डे के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग/गस्त में मामूर थी, इसी दौरान एक व्यक्ति बाईक पर सवार होकर आता हुआ दिखाई दिया। जिसको रूकने का इशारा किया गया परन्तु नहीं रूका और मोटरसाईकिल को तेजी से चलाकर थाना हाफिजपुर, हापुड़ की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा मोटरसाईकिल का पीछा किया गया तो बदमाश ने बाईक को हापुड रोड से रजवाहे पटरी पर मोडकर भागने लगा तथा बाग में कच्चे रास्ते पर बाइक को तेजी से मोड़ने पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल कर गिर गई। बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसको घायल अवस्था मे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान नदीम पुत्र नूर मौहम्मद निवासी ग्राम हसनपुर थाना कोतवाली नगर जनपद हापुड़ के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल बुलन्दशहर में भर्ती कराया गया हैं। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस, मोटरसाईकिल, मोबाईल फोन बरामद हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि बदमाश नदीम शातिर किस्म का लुटेरा/चोर है जो थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत मुअसं-167/2024 धारा 323/504/394 भादवि में वांछित चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- नदीम पुत्र नूर मौहम्मद निवासी ग्राम हसनपुर थाना कोतवाली नगर जनपद हापुड़।

बरामदगी-

1- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस।
2- 01 मोटरसाईकिल स्प्लेंडर रंग ब्लैक रजि0 नं0 (UP13CB4683)
3- 01 मोबाईल फोन।

अभियुक्त नदीम का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं-31/2021 धारा 379/411 भादवि थाना धौलाना जनपद हापुड़।
2- मुअसं-29/2021 धारा 379/411 भादवि थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़।
3- मुअसं-33/2021 धारा 379/411 भादवि थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़।
4- मुअसं-34/2021 धारा 307/411 भादवि थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़।
5- मुअसं-35/2021 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़।
6- मुअसं-16/2021 धारा 392/411 भादवि थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
7- मुअसं-431/2021 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
8- मुअसं-34/2021 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद हापुड़।
9- मुअसं-89/2022 धारा 120बी/307/325/326/34/341 भादवि थाना दौराला जनपद मेरठ।
10- मुअसं-101/2022 धारा 411/414 भादवि थाना दौराला जनपद मेरठ।
11- मुअसं-123/2022 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना दौराला जनपद मेरठ।
12- मुअसं-210/2022 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना दौराला जनपद मेरठ।
13- मुअसं-167/2024 धारा 323/504/394 भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर अग्रिम वैधानिक कार्यावाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जायेगा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री समर बहादुर सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना गुलावठी।

2- व0उ0नि0 श्री उपेन्द्र कुमार, उ0नि0 श्री अमित कुमार।

3- है0का0 मनोज कुमार, है0का0 मोहन विश्वकर्मा, है0का0 अरूण कुमार, है0का0 कुलदीप, का0 विपिन कुमार, है0का0 शिवराम यादव, का0 मोहित कपासिया।

मीडिया सेल बुलंदशहर